रजिस्टर्ड/सील्ड

उत्तर प्रदेश शासन

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2

संख्या-39/2020/2871/22-2-2019-17(1006)/2019

लखनऊ: दिनांक: 28 जनवरी, 2020

आदेश

उत्तर प्रदेश के मा0 राज्यपाल, भारत के संविधान के अनुच्छेद-161 के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए **केन्द्रीय कारागार, बरेली** के सिद्धदोष **बन्दी शिवनाथ अवस्थी (बन्दी संख्या-42836) पुत्र श्री रामस्वरूप अवस्थी, जो-जमुका, थाना-रोजा, हाल-निवासी-मो0 गढी गाडीपुरा, थाना-रामचन्द्र मिशन, जनपद-शाहजहांपुर** का रहने वाला है, जिन्हें **सत्र परीक्षण संख्या-971,972/2005** के अन्तर्गत भारतीय दण्ड विधान की **धारा-302, 307 व 27 ए एक्ट** के अधीन **दिनांक 10.01.2007** को **मा0 अपर सत्र न्यायाधीश(कोर्ट सं0-3), शाहजहांपुर** द्वारा **आजीवन कारावास से दण्डित** किया गया, की वृद्धावस्था, काटी गयी सजा, संतोषजनक जेल आचरण, बीमारी के आधार पर मेडिकल बोर्ड की संस्तुति के आधार पर दयायाचिका समिति की संस्तुति के दृष्टिगत शेष सजा का परिहार करते हैं, तथा यह आदेश देते हैं कि उक्त बन्दी द्वारा अपनी शेष दण्डावधि में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए **जिला मजिस्ट्रेट, शाहजहांपुर** के संतोषानुसार दो जमानतें तथा उतनी ही धनराशि का एक जाती मुचलका प्रस्तुत करने पर बन्दी को कारागार से मुक्त कर दिया जाय।

सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर
संयुक्त सचिव।

संख्या-39/2020/2871(1)/22-2-2019 तद्दिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक, कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें, उ0प्र0, लखनऊ।
2- जिला मजिस्ट्रेट, शाहजहांपुर ।
3- पुलिस अधीक्षक, शाहजहांपुर।
4- वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार, बरेली।
5- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार विभाग को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
6- कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-3, उत्तर प्रदेश शासन।
7- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in